# गुरुपूर्णिमा महोत्सव २०१७

## फ़ोटो गैलरी

उषा की पहली स्वर्णिम किरणों से लेकर उस रात्रि के चन्द्रोदय तक, गुरुपूर्णिमा २०१७ का हर क्षण गुरुकृपा के प्रकाश से ओत-प्रोत था।

श्री मुक्तानन्द आश्रम में, सेवाकर्ताओं और परिवारों ने गुरुपूर्णिमा २०१७ का महोत्सव अपनी परमप्रिय श्रीगुरु, गुरुमाई चिद्विलासानन्द के साान्निध्य में मनाया। पूरा दिन, पूजा और आरती के अर्पण के साथ, सत्संग तथा गुरुमाई जी, बाबा मुक्तानन्द, भगवान नित्यानन्द और भगवान शिव के दर्शन से सम्पन्न था। रात्रि को उदित होते हुए पूर्ण चन्द्र ने अपनी आभा से धरती को और साथ ही हम सभी के हृदय और मन को प्रकाशित कर दिया।

जुलाई के इस पूरे माह के दौरान इन चित्रों को देखते समय, गुरुपूर्णिमा की दीप्ति और आनन्द, आपके दिवसों और रात्रियों में निरन्तर व्याप्त होता रहे, ऐसी शुभकामनाएँ।

© २०१७ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।